www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:33 बजे
सूर्यास्त शाम 7:07 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-243 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शनिवार 9 मई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

चुनावी शोर में दब गए पंचकूला के असली मुद्दे, स्टार प्रचारकों की रैलियों के बीच जनता के सवाल गायब

चुनाव का प्रचार हुआ बंद, अब केवल डोर टू डोर प्रचार कर सकेंगे, आप 10 मई को जरूर चुनें अपनी जनता सरकार

■ मेयर चुनाव में अब 5 प्रत्याशी

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

पंचकूला नगर निगम चुनाव का प्रचार शुक्रवार शाम थम गया। अब प्रत्याशी केवल डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सकेंगे। 10 मई को मतदान होगा। इस बीच चुनाव प्रचार के दौरान बड़े नेताओं और स्टार्स की रैलियां, रोड शो, डोर-टू-डोर प्रचार और जीत के दावे लगातार देखने को मिल रहे हैं, लेकिन इस पूरे चुनावी माहौल में शहर के असली मुद्दे कहीं पीछे छूटते नजर आ रहे हैं।

पिछले पांच वर्षों में पंचकूला की जनता नगर निगम की कार्यशैली को लेकर लगातार सवाल उठाती रही है। शहर में अतिक्रमण बढ़ता गया, सफाई व्यवस्था बदहाल रही, सड़कों पर गड्ढों ने लोगों की परेशानी बढ़ाई और कई पार्क रखरखाव के अभाव में उजड़ते गए। जगह-जगह फैली गंदगी और आवारा पशुओं के आतंक ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं। बरसात के दौरान कई सेक्टरों में जलभराव की समस्या आम देखने को मिलीं। सीवर ओवरफ्लो, खराब स्ट्रीट लाइटें, समय पर कूड़ा न उठना और हाउस टैक्स व पानी के बिलों से जुड़ी शिकायतें लगातार सामने आती रहीं। कई लोगों का कहना रहा कि पार्षदों और मेयर तक अपनी शिकायत पहुंचाना भी आसान नहीं था। अब जब चुनाव का समय आया है तो उम्मीद थी कि राजनीतिक दल इन मुद्दों पर जनता के सामने स्पष्ट रोडमैप रखेंगे, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आया। चुनावी मैदान में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच है और दोनों ही दल बड़े वादों व राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं।

सत्ताधारी दल ट्रिपल इंजन सरकार का नारा दे रहा है, जबकि विपक्ष बदलाव की बात कर रहा है। हालांकि जनता अब यह जानना चाहती है कि पिछले वर्षों की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा।

शहर के प्रमुख मुद्दों में अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, जलभराव, टूटी सड़कें, पार्कों की हालत, आवारा पशु, पार्किंग संकट, पानी-सीवर समस्या, ट्रैफिक जाम और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही शामिल हैं।

समर न्यूज ने पिछले वर्षों में लगातार इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया। अब देखना यह होगा कि 10 मई को मतदाता सिर्फ वादों पर भरोसा करते हैं या फिर अपने स्थानीय मुद्दों को ध्यान में रखकर फैसला लेते हैं।

पंचकूला में पूर्व विधायकों की फौज उतारी

पंचकूला नगर निगम क्षेत्र में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा नेताओं को तैनात किया है। यहां पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी के साथ कई पूर्व विधायक जैसे जसबीर सिंह मल्हौर, अनिल कुमार धंतोरी, शमशेर सिंह विर्क, अर्जुन सिंह, निशान सिंह और रणधीर सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा 2024 विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार राहुल मक्कर, सर्व मित्र कंबोज और सतबीर दुबलैन को भी चुनावी मैदान में सक्रिय भूमिका सौंपी गई है। पार्टी का फोकस बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करने और एससी बहुल क्षेत्रों में पकड़ बनाने पर है। वहीं भाजपा ने भी अपने मौजूदा मंत्रियों और सांसदों को इस चुनाव में प्रचार के लिए उतारा था।

10 मई को पेड हॉलिडे का ऐलान, हाई अलर्ट पर है पुलिस प्रशासन

शगुन कश्यप | पंचकूला
समर न्यूज

पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। 10 मई को होने वाले मतदान से पहले जहां हरियाणा सरकार ने संबंधित क्षेत्रों में सवेतन अवकाश (पेड हॉलिडे) घोषित किया है। वहीं पंचकूला पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

हरियाणा सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 10 मई, रविवार को उन सभी क्षेत्रों में पेड हॉलिडे रहेगा, जहां नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव होने हैं। इसमें पंचकूला, अंबाला और सोनीपत नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद, सांपला (रोहतक), धारूहेड़ा (रेवाड़ी) और उकलाना (हिसार) नगर पालिकाएं शामिल हैं। इसके अलावा कुछ वार्डों में उपचुनाव भी होंगे।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अवकाश सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी संस्थानों, दुकानों, फैक्ट्रियों और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत उन कर्मचारियों पर भी लागू होगा, जो संबंधित क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता हैं। यह निर्णय 'रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट 1951 की धारा 135-B के तहत लिया गया है, ताकि सभी मतदाता बिना वेतन कटौती के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

पंचकूला में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पंचकूला में मतदान को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। अंतरराज्यीय सीमाओं और शहर के प्रमुख एंट्री प्वाइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोका जा सके।

एडीजीपी शिवास कविराज ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

वहीं पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 हेल्पलाइन पर दें। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव में जनता की भूमिका बेहद अहम है।

कांग्रेस के आरोपों पर चुनाव आयोग का जवाब

कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सवाल किया था कि पंचकूला में ''कम्युनिटी सेंटर'' पर पंचकूला नगर निगम का कब्जा क्यों है। भाजपा सरकार 12 साल से नगर-निगम का कार्यालय तक क्यों नहीं बना पाई? हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त ने कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के उस आरोप को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने पंचकूला नगर निगम के चुनाव में 17 हजार 86 मतों के डुप्लीकेट, नकली अथवा फर्जी होने का दावा किया था। चुनाव आयुक्त ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए ज्ञापन के आधार पर पंचकूला के डीसी से पूरी रिपोर्ट मांगी गई है, लेकिन यह बात सही नहीं है कि कांग्रेस नेताओं ने 17 हजार 86 मतों वाली कोई सूची उन्हें सौंपी है। राज्य चुनाव आयोग को केवल 8543 मतदाताओं की सूची ही उपलब्ध करवाई गई थी। चुनाव आयोग ने उपायुक्त पंचकूला को इन प्रविष्टियों की दोबारा जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

204 मतदान केंद्रों पर होगी वोटिंग

नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए 5 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 20 वार्डों में 87 पार्षद उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे नगर निगम क्षेत्र में 204 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो ईवीएम मशीनें लगाई जाएंगी, एक मेयर चुनाव के लिए और दूसरी पार्षद चुनाव के लिए। मेयर उम्मीदवार के लिए अधिकतम 30 लाख रुपये और पार्षद उम्मीदवार के लिए 7.50 लाख रुपये खर्च सीमा तय की गई है।

प्रशासन ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है ताकि लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।

शोर बंद

एक नजर में

वार्ड: 20
मतदान केंद्र: 204
कुल ईवीएम: 550 (रिजर्व सहित)
व्यय सीमा: मेयर-30 लाख रुपये, पार्षद-7.50 लाख रुपये
पंचकूला नगर निगम में कुल 20 वार्ड (सीटें) हैं।

पंचकूला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर असामाजिक तत्वों को दी कड़ी चेतावनी

महिला भागीदारी में इजाफा, कई वार्डों में महिलाओं के बीच सीधा मुकाबला

नगर निगम चुनाव पंचकूला 2026

■ BJP और कांग्रेस ने महिला चेहरों पर जताया भरोसा, स्थानीय मुद्दों से लेकर नेतृत्व तक महिलाओं की मजबूत दावेदारी

करुणा मित्तल | पंचकूला
समर न्यूज

पंचकूला नगर निगम चुनाव 2026 में इस बार महिलाओं की मजबूत भागीदारी देखने को मिल रही है। नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने कई वार्डों में महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा दी है। खास बात यह है कि कई वार्डों में महिला उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला भी देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड नंबर 1 से परमजीत कौर, वार्ड 2 से परमजीत कौर, वार्ड 11 से अनुराधा पुरी, वार्ड 15 से प्रियंका, वार्ड 16 से निर्मला देवी, वार्ड 18 से पूजा देवी और वार्ड 19 से मनीषा रानी को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी महिला नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए वार्ड 1 से पायल सोढ़ी, वार्ड 2 से चारू चावला, वार्ड 8 से उषा रानी, वार्ड 11 से अंजू, वार्ड 15 से सरस्वती देवी, वार्ड 16 से सुनीता, वार्ड 18 से अमनदीप कौर और वार्ड 19 से नजमा को उम्मीदवार बनाया है।

वार्ड 1, 2, 11, 15, 16, 18 और 19 ऐसे वार्ड हैं जहां महिला उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला चुनाव को दिलचस्प बना रहा है। इन उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर प्रचार तेज कर दिया है और स्थानीय समस्याओं जैसे सफाई व्यवस्था, जलभराव, सड़कें, पार्किंग, पेयजल और महिलाओं की सुरक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाया है।

पंचकूला नगर निगम चुनाव में इस बार 7 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिनमें सभी प्रमुख दलों ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हालांकि, कांग्रेस ने महिला प्रतिनिधित्व को आरक्षित सीटों तक सीमित नहीं रखा और एक कदम आगे बढ़ते हुए एक अतिरिक्त सामान्य वार्ड में भी महिला उम्मीदवार को टिकट दिया है। कांग्रेस ने कुल 8 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी ने केवल उन्हीं 7 आरक्षित सीटों पर महिला प्रत्याशी उतारी हैं और किसी अतिरिक्त सामान्य सीट पर महिला उम्मीदवार को मौका नहीं दिया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। 10 मई को होने वाले मतदान में यह साफ होगा कि पंचकूला की जनता किन महिला चेहरों पर भरोसा जताती है, लेकिन इतना तय है कि इस चुनाव में महिलाओं ने अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवा दी है।

शुभ का बंगाल

शुभेंदु अधिकारी होंगे सीएम आज ब्रिगेड में शपथ ग्रहण

एजेंसी | कोलकाता

कयास पहले से लगाए जा रहे थे। शुक्रवार को भाजपा के विजयी उम्मीदवारों के साथ बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल भाजपा विधायक दल का नेता चुना। सत्तारूढ़ दल के विधायक दल के नेता के रूप में शुभेंदु ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में नई सरकार शपथ लेगी।

विधायक दल की बैठक के बाद शाह ने कहा कि नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आठ प्रस्ताव आए थे और सभी प्रस्तावों में केवल शुभेंदु अधिकारी का नाम था। दूसरे नाम के लिए भी समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम सामने नहीं आया। इसलिए शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित किया जा रहा है। बैठक न्यू टाउन के विश्व बंगला कन्वेंशन सेंटर में हुई। अमित शाह को पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया था, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से शुभेंदु का नाम तय किया गया। शुभेंदु अब विधायकों के समर्थन पत्र के साथ लोक भवन जाकर राज्यपाल आरएन रवि से सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

शाह ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की सरकार बन गई है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

शुभेंदु के मुख्यमंत्री बनने को लेकर भाजपा खेमे में बहुत ज्यादा संशय नहीं था। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वे सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे थे, क्योंकि उन्होंने लगातार दूसरी बार ममता बनर्जी को चुनावी मुकाबले में हराया। 2021 में उन्होंने नंदीग्राम से ममता को हराया था और इस बार भवानीपुर में भी उन्हें पराजित किया। भवानीपुर में शुभेंदु ने 15 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की।

पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों में से 293 के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने 207 सीटें जीती हैं, तृणमूल को 80 सीटें मिलीं, जबकि बाकी सीटें अन्य दलों के खाते में गईं। दक्षिण 24 परगना की फलता सीट पर 21 मई को फिर मतदान होगा।

शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। अमित शाह शुक्रवार सुबह ही कोलकाता पहुंचे और दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट लूटकर तृणमूल को हराया गया है और कानूनी लड़ाई की बात कही है। इस स्थिति में राज्यपाल ने विधानसभा भंग कर दी है और नई सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं, हालांकि उनके नामों की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में पिछले 26 वर्षों से उपमुख्यमंत्री का पद खाली था। राज्य में अब तक सिर्फ 3 डिप्टी CM रहे हैं। इनमें ज्योति बसु, बिजॉय सिंह नाहर और बुद्धदेव भट्टाचार्य शामिल हैं।

सीजफायर के बीच अमेरिका ने ईरान पर फिर किया हमला

एजेंसी | तेहरान/वॉशिंगटन

संघर्षविराम के बीच अमेरिका ने एक बार फिर ईरान पर सैन्य कार्रवाई की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकर और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, जास्क के पास होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर जा रहे एक तेल टैंकर पर हमला हुआ। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे, जिसके जवाब में कार्रवाई की गई। ट्रम्प ने कहा, "अगर ईरान समझौता नहीं करता तो हम और हमले करेंगे।" बता दें कि होर्मुज संकट के कारण करीब 1500 जहाज और 20 हजार नाविक फंसे हुए हैं। तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड 7.5% बढ़कर 103 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। यूएई ने भी मिसाइल और ड्रोन खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव से वैश्विक तेल सप्लाई और व्यापार पर असर बढ़ गया है।